पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राजभवन उद्यान कर्मियों को सम्मानित किया

लखनऊः 13 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन उद्यान के अधीक्षक, श्री तेजपाल सिंह तथा प्रभारी उद्यान, श्री रूप नारायण मिश्र सहित तृतीय श्रेणी कर्मचारी, चपरासी, हेडमाली, माली, दैनिक वेतन भोगी तथा दैनिक श्रमिक कर्मचारियों को रूपये एक हजार की नकद धनराशि एवं प्रेशरकुकर तथा टिफिन बाक्स देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि कर्मचारियों को उनके परिश्रम के लिये सम्मानित करने से उनका प्रोत्साहन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह पहला कार्यक्रम है, जहां यह देखने में आया है कि जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक व दैनिक वेतन भोगियों को समान प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप वितरित की गई है।

ज्ञातव्य है कि राजभवन परिसर में आयोजित प्रादेशिक फल, फूल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी 2015, सैफई विकास खण्ड, इटावा एवं ई-पार्क महानगर, लखनऊ में नगर निगम, लखनऊ, द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित जनेश्वर मिश्र हार्टीफेयर में राजभवन उद्यान द्वारा प्रतिभाग किया गया था। इन प्रदर्शनियों में विभिन्न क्लास एवं वर्गों में राजभवन उद्यान को 107 प्रथम, 100 द्वितीय तथा 58 प्रोत्साहन सहित कुल 265 पुरस्कार प्राप्त हुए थे।

माननीय श्री राम नाईक
राज्यपाल, उ०प्र०
के कर कमलो द्वारा
उत्तर प्रदेश उद्यान
यो से प्राप्त
समारोह
Hawkins